ओ कन्हैया ब्रज बसैया तुम जगत आधार हो

कृष्णा कृष्णा राधे कृष्णा कृष्णा राधे,
ओ कन्हैया ब्रज बसैया तुम जगत आधार हो,
सार हो संसार हो तुम्ही पालन हार हो,
ओ कन्हैया ब्रज बसैया तुम जगत आधार हो.....

डगमगाती नाव के प्रभु तुम्ही खेवनहार हो,
सरसराती लहर के प्रभु तुम्ही थामनहार हो,
धार हो मझधार हो तुम्ही तो उस पार हो,
ओ कन्हैया ब्रज बसैया तुम जगत आधार हो......

इस धरा को स्वर्ग जैसा ही बनाना है प्रभु,
घर बनाके हर हृदय में वास करना है प्रभु,
आस हो विश्वास हो तुम्ही तो करतार हो,
ओ कन्हैया ब्रज बसैया तुम जगत आधार हो......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28832/title/oh-kanhaiya-braj-basaiya-tum-jagat-aadhar-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |